भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3735
बुधवार, दिनांक 18 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

अटल ज्योति योजना

3735. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अटल ज्योति योजना (एजेएवाई) के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) गुजरात के विशेष संदर्भ में एजेएवाई चरण-एक और चरण-दो के कार्य निष्पादन का ब्यौरा क्या है;

(ग) गुजरात में एजेएवाई के चरण-एक और चरण-दो में किन जिलों को चिह्नित किया गया है; और

(घ) क्या सरकार का विचार गुजरात के शेष जिलों को शीघ्र ही शुरू होने वाले चरण-तीन के अंतर्गत शामिल करने का है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) अटल ज्योति योजना (अजय) का मुख्य उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्रों में बेहतर प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता, सुरक्षा और संरक्षा में सुधार के लिए विभिन्न स्थानों पर सार्वजनिक उपयोग के लिए सौर स्ट्रीट लाइटिंग प्रणालियाँ उपलब्ध कराना था।

(ख) अटल ज्योति योजना (अजय) चरण-I के अंतर्गत, लगभग 1.45 लाख सौर स्ट्रीट लाइट (एसएसएल) की स्थापना के लिए संबंधित जिला मजिस्ट्रेटों (डीएम) द्वारा जारी की गई स्वीकृतियों के अनुसार, एमपीएलएडीएस निधि का उपयोग करके, देश में कुल मिलाकर लगभग 1.35 लाख एसएसएल स्थापित की गई हैं। इसी प्रकार, अजय चरण-II के अंतर्गत लगभग 1.50 लाख एसएसएल के लिए जारी कुल स्वीकृतियों में से देश में कुल मिलाकर लगभग 1.37 लाख एसएसएल की स्थापना किए जाने की सूचना प्राप्त हुई।

(ग) स्वीकृत रूपरेखा के अनुसार, गुजरात राज्य को अजय चरण-I के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया था। अजय चरण-II के अंतर्गत, राज्य के दो महत्वाकांक्षी जिलों को शामिल किया गया। दो आकांक्षी जिलों, अर्थात् नर्मदा और दाहोद के संबंधित जिलाधिकारियों से प्राप्त स्वीकृतियों के आधार पर इन जिलों में कुल 3000 सौर स्ट्रीट लाइटों (एसएसएल) की स्थापना के लिए सभी 3000 एसएसएल स्थापित किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है।

(घ) अजय के चरण-III को शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****